दिनांक : 05.05.2024

समय : 02.10 pm

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

चुनाव प्रचार–प्रदेश

प्रदेश के 9 लोकसभा क्षेत्रों मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, बैतूल, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ में आज शाम 6 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। इन सीटों पर 7 मई दिन मंगलवार को मतदान होगा। प्रचार के अंतिम दिन भाजपा, कांग्रेस के साथ ही सभी राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। विदिशा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के बिलकिसगंज में चुनावी सभा को संबोधित किया। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर लोकसभा क्षेत्र के राहतगढ़ में भाजपा प्रत्याशी के लिये वोट मांगे। उन्होंने गुना सीट के मुंगावली में जनसभा को भी संबोधित किया। इधर भोपाल से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। कांग्रेस की ओर से पार्टी के स्टार प्रचारक राहुल गांधी जोबट और खरगोन में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस की ओर से अरूण श्रीवास्तव भोपाल में रोड शो कर रहे हैं। राजगढ़ सीट से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह प्रचार में लगे हुए हैं। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

कांगेस विधायक–भाजपा

सागर जिले की बीना सीट से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राहतगढ़ में चुनावी सभा के दौरान उन्हें पार्टी में शामिल कराया। सुश्री सप्रे का पार्टी छोड़ना कांग्रेस के लिए बड़ा झटका बताया जा रहा है। इससे पहले कांग्रेस के 9 बार के विधायक रामनिवास रावत और छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा सीट से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह ने भी कुछ दिन पहले ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी।

जागरूकता रैली–भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदाता जागरूकता के लिए आज राजधानी भोपाल के प्लेटिनम प्लाजा से कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हक जताओ और ई वी एम का बटन दबाओ। कार रैली का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने प्रदेश के सभी नागरिकों से 7 मई को उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान हमारा अधिकार है। प्रदेश में तीसरे चरण में 7 मई को भोपाल सहित, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, राजगढ़ और बैतूल में मतदान होगा। उन्होंने बताया कि गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्र पर छाया, पानी, दवाइयां सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गई है। रैली के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह सहित भारतीय स्टेट बैंक के सीजीएम चंद्रशेखर शर्मा एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा

वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे **WhatsApp** नंबर **94065 23035** पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में तेज गर्मी का दौर जारी है। कई जिलों में आज भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। शाजापुर, नौगांव और खजुराहो में कल पारा 42 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। जबकि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन सीजन के सबसे गर्म रहे। वहीं, मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक प्रदेश में आंधी, बादल और लू का अलर्ट जारी किया है। मालवा–निमाड़ यानी इंदौर–उज्जैन संभाग के जिलों में तेज गर्मी पड़ेगी और पूर्वी–दक्षिण हिस्से नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, बैतूल समेत 13 जिलों में बादल–आंधी वाला मौसम रहेगा। हालांकि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होने से कुछ जिलों में बूंदाबांदी की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि आज देवास, डिंडोरी में बादल छा सकते हैं। कल छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, डिंडोरी, अनूपपुर जिलों में बादल रहने का अनुमान है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- शहडोल जिला न्यायालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकरण ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मानव सेवा के इस काम में 36 लोगों ने रक्तदान किया।
- स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा–5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023–24 के लिये दिशा–निर्देश जारी किये हैं। निवाड़ी जिले में भी पूरक परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी।
- श्योपुर 7 मई को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांधी पार्क गुलम्बर से मैन बाजार, पुल दरवाजा, बडौदा रोड होकर पटेल चौक तक रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया।
- मतदाता जागरूकता के तहत विदिशा जिले में विशेष गतिविधियों का संचालन मेगा ईवेंट 10 के तहत किया जा रहा है इसी कडी के तहत, कल जिले के लाखो किसानो व उनके परिजनों तक मतदान करने के संदेशों का सम्प्रेषण करने की विधियों का अनुपालन कर मतदान करने का न्यौता दिया गया है।